भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3097**
दिनांक) 28 मार्च, 2023, मंगलवार /चैत्र7 ,(को दिया जाने वाला उत्तर (शक) 1945

## क्रिप्टोकरेंसी से प्राप्त कर

**श्री राम नाथ ठाकुर 3097:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)क्रिप्टोकरेंसी से सरकार को कितना कर प्राप्त हुआ है;

(ख) क्रिप्टोकरेंसी में लेनदेन के लिए नियामक की भूमिका का ब्यौरा क्या हैऔर;

?क्या यह सच है कि क्रिप्टो बाजार सट्टा बाजार है (ग)

**उत्तर**

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क(: आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 194 ध के तहत, वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए ,दिनांक 20/03/2023 तक वर्चुअल डिजिटल परिसंपत्तियों के अंतरण पर किए गए भुगतानों, जो कुल मिलाकर 157.9 करोड़ रुपये हैपर , स्रोत पर कर-कटौती के माध्यम से प्रत्यक्ष कर एकत्रित किया गया।

(ख(: वर्तमान में देश में क्रिप्टो परिसंपत्तियां अनियमित हैं। तथापि, क्रिप्टो करेंसी में लेनदेन धनशोधन - ,निवारण अधिनियम2002 और आयकर अधिनियम ,1961 जैसी विभिन्न विधियों के उपबंधों के अध्यधीन है।

(ग): वित्तीय स्थिरता बोर्ड ने दिनांक अक्टूबर 11, " के 2022रेगुलेशन सुपरवीजन एंड ओवरसाइट ऑफ , क्रिप्टोएसेट एक्टिविटीज एंड मार्केट्-स" शीर्षक के अपने परामर्शी दस्तावेज़ में बताया है कि क्रिप्टो-परिसंपत्ति बाजार में निवेश और गतिविधि काफी हद तक स्वतपूर्ण: है और मुख्यत :यह वास्तविक अर्थव्यवस्था से सीमित संपर्क के साथ सट्टा के उद्देश्य के लिए है।

****